तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024

11 देवउठनी पर हरदीभाठा में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



12 दीपावली-देवउठनी के बाद बाजार सूना : किसान-मजदूर धान कटाई में व्यस्त





**अच्छी खबर : जिले के 67 सहकारी समितियों के अंतर्गत 90 केंद्रों में किसानों से खरीदा जाएगा**

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से होगी शुरू, तैयारियां हुईं पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

खरीफ सीजन 2024 के लिए जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज 14 नवंबर से जिले के 67 सहकारी समितियों के अंतर्गत 90 केंद्रों में किसानों से धान खरीदी शुरू होगी। इस बार 90,771 किसान, जिनमें 4,341 नए पंजीकृत किसान भी शामिल हैं, अपने धान की बिक्री करेंगे।

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में सभी खरीदी केंद्रों में बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस, आर्द्रतामापी यंत्र, रंग, सुतली, कंप्यूटर और प्रिंटर सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और छायादार शेड की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर, सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा सकेगी।

छत्तीसगढ़ में धान के लिए मिलने वाले सर्वोत्तम मूल्य से किसानों में उत्साह है। इस बार छोटे और सीमांत किसानों का दो टोकन और बड़े किसानों का तीन टोकन काटा जाएगा। टोकन धान खरीदी के दिन से सात दिन पहले लेना होगा, जो समिति या 'टोकन तुंहर हाथ' ऐप के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा।

कलेक्टर अग्रवाल ने अवैध धान की खरीदी और बिक्री रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी दल नियुक्त किया गया है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारी और कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, ▶▶ शेष पेज 11 पर





### इलेक्ट्रॉनिक कांटे से होगी तौल, 24 टोकन जारी

**रसेला।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान 14 नवंबर से आरंभ होने जा रहा है। यहां कार्य आज से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। विदित हो कि इस वर्ष धान खरीदी आज से आरंभ होगा, लेकिन उसके तीन दिवस तक 15 से 17 नवंबर तक अवकाश दिवस है, जिसके कारण यह स्पष्ट नहीं है। उक्त तीन दिवस में खरीदी का क्या प्रावधान किया जायेगा, हालांकि शासन की आदेश के अनुसार अवकाश के दिनों में किसी भी तरह के खरीदी नहीं किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। रसेला समिति के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि 14 नवंबर को 24 किसानों का टोकन जारी किया गया है। जिसमें किसानों से 1300 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। अगले वर्ष 1274 किसानों पंजीकृत थे। इस वर्ष 1303 किसानों ने अपने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया गया है। खरीदी केंद्र में आवश्यक तैयारी



जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कांटा, बोरा व सुतरी आदि शामिल हैं।

धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न आये जिसका विशेष ख्याल रखे जाने का निर्देश दिया है। शासन प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए आज तक शौचालय का व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाये गये धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमीं नहीं रहनी चाहिए। अन्यथा उनका धान रिजेक्ट किया जा सकता है। इसके अलावा निम्न श्रेणी के धान का मिश्रण 6 प्रतिशत, डेमेज एवं डिस्कलर 5 प्रतिशत, अधपका एवं सिकुड़ा धान 3 प्रतिशत, बाह्य पदार्थ 1 प्रतिशत एवं कार्बनिक 1 प्रतिशत तक मान्य होगा। केवल पंजीकृत किसानों से ही उन्हें जारी टोकन के अनुसार धान खरीदा जायेगा। वहीं बारदाने की व्यवस्था के अंतर्गत आधा - आधा पुराने और नये बारदाने उपयोग में लाये जायेंगे। गड़बड़ी करने कर्मचारीयों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## हत्या की गुत्थी सुलझी आरोपी गिरफ्तार



**छुरा/रसेला।** ग्राम कलमीदादर में आपसी विवाद के चलते ग्रामीण ने युवक की हत्या कर दी और शव को बाड़ी में छुपा दिया। बाड़ी में बदबू फैलने पर लोगों को जानवर करने के नाम से गुमराह करते रहा। पुलिस ने गवाहों के बयान पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

क्षेत्र के ग्राम कोटवार कलमीदादर में बदबू फैलने से ग्रामीणों ने एक अज्ञात शव के बारे जानकारी पुलिस को दी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात शव की पहचान कर प्रकरण में संलिप्त व्यक्ति की शीघ्र गिरफ्तारी करने निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी थाना छुरा द्वारा कार्यवाही करते हुए सूचनाकर्ता टंकेश्वर सोरी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्रवाई की गई। मामला संदिग्ध होने से फॉरेंसिक युनिट गरियाबंद के उपस्थिति में पुनः घटना स्थल पहुंचकर अज्ञात मृतक का पंचनामा कार्रवाई की गई। मुल घटना स्थल के लगभग 60 फीट की दूरी पर अज्ञात मृतक का सिर व जबड़ा पृथक-पृथक पड़ा मिला व दक्षिण दिशा में गहरा हरा रंग का फुलबांह शर्ट कटा-फटा मिला। अज्ञात मृतक के कपड़े को देखकर ग्राम कोडामाल के रोहित कंवर द्वारा अपने छोटे भाई-रोमन कंवर का ही शव होना पहचान किया।

■ आपसी विवाद पर ग्रामीण ने दिया घटना को अंजाम दिया और बाड़ी में छिपाया था शव

गवाहों द्वारा कथन में टिकेश्वर नेताम को आरोपी बताया गया। मृतक रोमन कवंर के सिर पर प्राण घातक वार कर हत्या की है, साक्ष्य छुपाने के लिये घटना की जानकारी न देकर जानवर मरने की बदबु होना बताकर आस-पास वालों को गुमराह किया गया। संदेही टिकेश्वर नेताम के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य गांव के आधार पर अपराध धारा 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पंचानो एवं गवाह के कथन एवं बरामगदी, पहचान पंचनामा, जप्ती के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया हैं।

**खबर संक्षेप**

### नवापारा में श्री हनुमंत कथा कल से

**नवापारा-राजिम।** शहर के नवतरंग युवा समिति एवं नवशक्ति बजरंग अखाड़ा द्वारा 15 से 17 नवंबर तक शिक्षक कॉलोनी-खोलीपारा में श्री हनुमंत कथा आयोजित होने जा रहा है। कथावाचक काली मंदिर के पुजारी पं. पदुम पांडे होंगे। कथा का समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक का समय रखा गया है। जानकारी के मुताबिक श्री हनुमान महाराज का कथा पूरे तीन दिनों तक विस्तार से बताई जाएगी।

### देवरी में कल मनायी जाएगी कार्तिक पूर्णिमा

**रसेला।** ग्राम देवरी में इस वर्ष 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम, भुनेश्वरी साहू, अध्यक्षता अशोक ठाकुर सरपंच देवरी, विशेष अतिथि जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, विशिष्ट अतिथि होंगे साधुराम साहू, अडारन बाई साहू, डेचद ध्रुव सचिव, झनक धनुषधारी प्रबंधक, गोमती बाई कोटवार, गौरी बाई ठाकुर उपसरपंच सहित सभी आमंत्रित अतिथिगण मंच पर आसीन होंगे। अतिथि आगमन सायं 7 बजे होगा। अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन के बाद रात्रिकालीन कार्यक्रम भुईयां के श्रृंगार लोक नृत्य नाचा पार्टी होचेटोला तहसील डौंडी लोहारा जिला बालोद के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्तिक पूर्णिमा समिति एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### ब्लॉक स्तरीय महिला खेल स्पर्धा 18 को

**फिंगेश्वर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद द्वारा 18 नवंबर को फिंगेश्वर में फणीश्वर नाथ कॉलेज मैदान पर विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9 बजे से रखा गया है।उक्त प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में रखी गई है, जिसमें 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक है। इस प्रतियोगिता में निम्नांकित खेलों को शामिल किया गया है। 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, तवा फेंक, बैडमिंटन, कुश्ती, रस्साकशी, वेटलिफ्टिंग, वॉलीबॉल, हॉकी, फुटबॉल और बास्केटबॉल, प्रतिभागी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट साइज के फोटो एवं बैंक पासबुक का फोटो कॉपी अवश्य लाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विकासखंड खेल नोडल हरिश्चंद्र निषाद(पी टी आई) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा और बुधलाल नेगी(पी टीआई) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव एवं रूपनारायण निर्मलकर(पी टीआई) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासिन से संपर्क कर सकते हैं।

## तीन डीजल चोर पकड़ाए किसानों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा-बेलर

इन दिनों फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्रामों में किसानों की धान कटाई जोरों से चल रही है। इसके उपयोग के लिए ट्रैक्टर सहित अन्य साधन कर रहे हैं। इसके इधन खपत के लिए इंजन टेंक डीजल की भरमार स्टांक रखते हैं।

लेकिन शातिर चोर की इसमें बुरी नियत रहती है और मौका मिलते ही डीजल का सफाया कर जाते हैं। इतना ही उनके पार्टस पुर्जे भी चोरी होने की घटनाएं होती है। ऐसे ही घटना फिगेंश्वर थाना के अन्तर्गत ग्राम जमाही में शुक्रवार को किसान बिरेन्द्र ध्रुव के ट्रैक्टर से डीजल चोरी कर वहीं किराना दुकान में खपाया गया। पीड़ित किसान के पुलिस थाना फिगेंश्वर में शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज एवं जानकरी जुटाने व जांच में चोरी होने और स्थानीय जमाही का चोर साबित होने पर पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया गया।

आरोपी झोरी विश्वकर्मा, महेश ध्रुव द्वारा चोरी कर माल को स्थानीय किराना व्यवसाई उलास यादव को खपाया करता था। पुलिस ने तीनों को आरोपी बनाते मंगलवार को जेल दाखिल किया गया। ज्ञात हो कि झोरी और महेश पर पहले भी डीजल, पार्ट, अनेक चोरी का आरोप लग चुका है। लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं होने से बच रहा था। अब कार्रवाई होने से वाहन मालिकों को राहत मिली है।

पुलिस थाना फिगेंश्वर एस आई चिंता राम देशमुख ने कहा जमाही में डीजल चोरी के आरोप में तीन पर 151 की कार्रवाई हुई है, जिसे जेल दाखिल किया गया है।

## राजिम-अभनपुर मार्ग गड्ढे में तब्दील, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**नवापारा-राजिम।** धर्म नगरी राजिम से अभनपुर मार्ग विगत कई माह से कष्टदायक बना हुआ है। राहगीरों एवं वाहन चालकों को रोड खराब एवं जर्जर होने से आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। राजिम से 3 किलोमीटर की दूरी पर नवापारा में रेलवे का काम चल रहा है। चंपारण चौक के आगे रेलवे क्रॉसिंग पर गिट्टी बिछे हुए हैं। वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार होते हैं। रेलवे ठेकेदार ने काम तो चालू किया किंतु राहगीरों की सुविधाओं को नजरअंदाज करके रोड पर गिट्टी फैलाकर छोड़ दिया है। फलस्वरूप वहां के आसपास के लोगों एवं व्यापारी भी धूल से परेशान है। दमा एवं स्वास की समस्याओं से ग्रस्त है। नवापारा से 8 किलोमीटर की दूरी पर पिपरौद के आगे लगभग 500 मीटर मुख्य सड़क को खोदकर विगत 6 माह से छोड़ दिया है, जहां पर आए दिन दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फिर मानिकचौरी रेलवे क्रॉसिंग का हाल बेहाल है। सबसे ज्यादा परेशानी अभनपुर शासकीय कॉलेज से अभनपुर बस स्टैंड का है, जो विगत 1 वर्ष से ऊबड़-खाबड़ है एवं इतने बड़े-बड़े गढ्ढे है कि राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया है। गौरतलब है बस स्टैंड अभनपुर से शासकीय कॉलेज के बीच में सभी महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्था आईटीआई, ग्रेसियस कॉलेज एवं नेताजी कॉलेज ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ 17 किलोमीटर का सफर 45 मिनिट में, बनी रहती है दुर्घटना की आशंका


**भावपूर्ण श्रद्धांजलि**



**स्व. श्री चमन लाल साहू**

जन्म दिनांक- 04.02.1961 देहावसान दिनांक- 10.11.2024

परिवार का नाम मंदिर था, स्नेह की शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ उसकी भक्ति थी।
ऐसी आपकी दिव्य आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें...

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पति **श्री चमन लाल साहू** का आकस्मिक निधन दिनांक 10/11/2024 दिन- रविवार को हो गया है। इस दुःख की घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना करें, दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना के लिए आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय सुचनार्थ है।

**कार्यक्रम**

पचनाहवन (दशगात्र) दिनांक- 14.11.2024, दिन- गुरूवार
समय- दोपहर 1 बजे
स्थान : ग्राम-सेन्दर (फिंगेश्वर) जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

:: शोकाकुल परिवार ::
महेश, ठाकुर राम, लोकनाथ, रामेश्वर, ऐनसिंग, युवराज, पवन, टिकेश्वर, हेमलाल, ताम्रध्वज, निखिल, घना, मेघनाथ, सोमनाथ, करण, डिगेन्द्र, गोपेश्वर,श्रीकांत, अयान, रूद्रांश एवं समस्त साहू परिवार

:: विनीत ::
श्रीमति दुलारी साहू (पत्नि)
नारायण साहू (पुत्र)
ग्राम-सेन्दर (फिंगेश्वर)
जिला गरियाबंद
मो. 9617043820

नोट- जिन सज्जनों को शोक पत्र नही मिला हो, कृपया इसे ही शोक संदेश समझे।


## पेड़ गिरा, नहीं हटने से दुर्घटना की आशंका

**मैनपुर।** नगर के बाजार चौक में सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन के गेट के सामने विशाल पेड़ टूटकर गिर गया है लेकिन इसे अब तक नहीं हटाया गया है।

सामुदायिक भवन में अनेक सामाजिक व गांव के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। पेड़ नहीं




हटाने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।


**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**


**पंचायत व ग्रामसभा से अनुमति के बाद हुई थी शिकायत**

## गौठान की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत परसदाकला में गौठान के आरक्षित जमीन अतिक्रमण करने वालों पर बुधवार को बेदखल कार्रवाई की गई। इस तरह समक्ष डण्डा अधिकारी तहसीलदार अजय नागवंशी, आर आई बलदाउ साहू, पटवारी जलधर भोई, फिगेंश्वर एस आई चिंता राम देशमुख, सरपंच कांति मोहन निषाद, ग्राम अध्यक्ष लेखू साहू, सचिव गिरधारी निषाद पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणों की मौजूदगी में कार्रवाई सम्पन्न हुई। सरपंच परसदाकला कांति निषाद ने कहा गौठान निर्माण कार्य के लिए घास मद की भूमि ख0नं0-846 रकबा 2.41 हे. भूमि आरक्षित किया गया है जिसके भाग लगभग 2.28 हे० पर चैतराम पिता तीजारा सालिकराम निषाद, मन्नूराम निषाद पिता चैतराम निषाद द्वारा अवैध रूप कब्जा कर रखा था। जिस पर तहसीलदार एंव अनुविभागीय अधिकारी द्वारा दोनों के पक्ष सूनने के बाद अतिक्रमणधारी को कब्जा छोड़ने न्यायालयीन निर्देश प्राप्त हुआ है। इस पर भी कब्जा बरकरार रखा था। पंचायत एवं ग्राम सभा को अनुमति से सक्षम अधिकारी को शिकायत की गई, जिस पर बेदखल कार्रवाई हुई। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि मोहन निषाद, पूर्व ग्राम अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, बोधन देवांगन, विश्राम निषाद, लालु राम निषाद, ललिता निषाद, ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ कार्रवाई के दौरान तैनात रहा पुलिस बल के साथ तहसीलदार, सरपंच और ग्राम समिति के सदस्य



# पार्ट-फुल टाइम रोजगार देने की योजना ठंडे बस्ते में, नहीं मिल रहा महिलाओं को रोजगार

## जिला पंचायत रायपुर द्वारा आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित की जा रही थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्व-सहायता समूह की ट्रेनिंग प्राप्त महिलाओं या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को पार्ट-फुल एवं घंटे के हिसाब से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत रायपुर द्वारा संचालित की जा रही योजना पिछले कई महीनों से बंद है। इस योजना के तहत पंचायत भवन के सेकेंड फ्लोर पर हेल्प कंट्रोलरूम बनाया गया था। इस कंट्रोलरूम को भी हटा दिया गया है। इस हेल्प लाइन पर सामुदायिक संगठन, संस्था यहां किसी के घर या दुकान में कुकिंग, लांड्री, सेलून, हाउसकीपिंग, सुरक्षा गार्ड, केयर टेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिपेयरिंग सहित कोई भी जरूरत के अनुसार डिमांड आने पर उन्हें बाजार में निर्धारित सैलेरी या तय रेट पर संबंधित कार्य के लिए महिला कर्मचारी उपलब्ध कराया जाता था। इस योजना के तहत कई महिलाओं को रोजगार भी मिला है, लेकिन योजना के ठंडे बस्ते में जाने के बाद से समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार मिलना भी बंद हो गया है।

पूर्व कांग्रेस शासन काल के दौरान जिले में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार दिलाने के साथ जरूरतमंदों को संबंधित कार्य में ट्रेनिंग प्राप्त महिला कर्मचारी आसानी से मिले। इसके लिए जिला पंचायत ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत अनूठी योजना लेकर आई थी। इस योजना के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ऐसे जरूरतमंद संस्था-संगठन, परिवार या व्यक्ति को आसानी से अनुभवी एवं भरोसेमंद कर्मचारी भी कर्मचारी भी उपलब्ध कराना था, लेकिन राज्य में सरकार बदलने के बाद से यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

### एक कॉल या मैसेज से मिल जाता था रोजगार-कर्मचारी

इस योजना के तहत पंचायत भवन में कॉल सेंटर बनाया गया था। इसके लिए एक हेल्प लाइन तथा वाट्सग्रुप नंबर जारी किया गया था। इस हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करने या वाट्सअप ग्रुप में मैसेज करने से बेरोजगार महिला को रोजगार और जरूरतमंदों को कर्मचारी मिल जाता था।

National Rural Livelihood Mission
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

### 500 को ट्रेनिंग देने का था लक्ष्य, यह काम भी अटका

बी-1 अंतर्गत जिले के चारों ब्लॉक में लगभग 500 महिलाओं को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत 40 महिलाओं को ट्रेनिंग देने के बाद विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा के कारण आचार संहिता लग गई थी, जिसके कारण यह लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया जा सका है।

### बी-1 को मिलता था 1 प्रतिशत कमीशन

डिमांड के अनुसार जरूररतमंद को कर्मचारी उपलब्ध कराने के एवज में बी-1 को भी बतौर सेवा के रूप में तय सैलरी या तय रेट का 1 प्रतिशत कमीशन के रूप में लाभ होता था। यह कमीशन डिमांड करने वाली संस्था, संगठन या संबंधित व्यक्ति द्वारा दिया जाता था।

### कंट्रोलरूम को हटा दिया गया

बी-1 अंतर्गत पंचायत भवन में खोला गया हेल्प लाइन कंट्रोलरूम को यहां से हटा दिया गया है। योजना बंद नहीं हुई पर अभी काम रुका हुआ है।

- **विक्रम सिंह लोधी**, कार्यक्रम मैनेजर जिला पंचायत रायपुर

### 40 महिलाओं को दी गई थी ट्रेनिंग इनमें से ही कई महिलाएं बेरोजगार

महिला समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत द्वारा उन्हें उनके हूनर के अनुसार कार्य में कुशल बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। इसके तहत पहले चरण में 40 महिलाओं को सिलाई, केटरिंग सहित विभिन्न कार्यों की ट्रेनिंग भी दी गई थी। ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं में कईयों को रोजगार भी मिल चुका है, लेकिन इनमें से अभी भी कई महिलाएं बेरोजगार है।

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया दिवाली मिलन



**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कैलाशपुरी स्थित प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा का बुके, शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रदूषण रोकने के लिए आगामी दिवाली को पटाखा मुक्त करने का आव्हान किया गया। इसके बाद सदस्यों ने गीत, गजल व भजन से माहौल को खूबसूरत बनाया। कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे, आशीष दीवान, गिरीश दुबे, धनंजय शर्मा, हेमंत शर्मा, मनीष मिश्रा, ऋषि तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### सरकार की नीतियों को चुनौती हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अतिथि व्याख्याता की अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार की उस नीति को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत अस्थायी अतिथि व्याख्याताओं की जगह उच्च योग्यता वाले नए उम्मीदवार रखे जा सकते हैं। सीजे की बेंच ने शैक्षणिक संस्थानों में योग्य और सक्षम संकाय के पक्ष में नीतियों को लागू करने के राज्य के अधिकार को बरकरार रखा है। याचिका में प्रदेश के कॉलेजों में अतिथि व्याख्याताओं के लिए जारी विज्ञापन को निरस्त करने समेत अन्य मांग की गई थी। इस पर शासन की ओर से कहा गया कि अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती के लिए नई नीति जारी की गई है। यूजीसी के मापदंडों के अनुसार बनाई गई नई नीति से बेहतर उम्मीदवार मिल सकेंगे। गर्ल्स कॉलेज में अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र के पद पर कार्यरत रही गायत्री शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने के बाद डीबी में अपील की गई थी।

### 32 पौवा देशी शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने एक शराब कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुलसी खरोरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी देवानंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 3520 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## ठंड कम पड़ने की वजह से हवा में थोड़ी राहत

# पीएम 2.5 का स्तर 500 तक, औसत से कई गुना ज्यादा जहरीली हुई राजधानी की हवा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी की हवा अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा जहरीली हो गई है। पिछले दो वर्षों की आंकड़ों पर नजर डालें, तो इस वर्ष पीएम 2.5 का स्तर पिछले साल की अपेक्षा डेढ़ गुना ज्यादा है। पिछले वर्ष नवंबर में पीएम 2.5 का स्तर जहां अधिकतम 309 तक पहुंचा है, इस बार पीएम 2.5 का स्तर पांच सौ तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अभी ठंडी कम पड़ रही है। ठंड ज्यादा होने से हवा का स्तर और खराब हो सकता है।

गौरतलब है कि पीएम 2.5 का स्तर 60 से ज्यादा नहीं होना चाहिए, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत 40 होना चाहिए। डब्लूएचओ के मुताबिक 2.5 का स्तर पांच से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस साल छह नवंबर को ही पीएम 2.5 का न्यूयनतम स्तर 61 रहा है। शेष अन्य दिनों में पीएम 2.5 का न्यूनतम स्तर 68 से 172 तथा अधिकतम 104 से 105 के बीच रहा है। इसी तरह से पीएम 10 का स्तर पूरे नवंबर माह में बिगड़ा हुआ रहा है।

### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार नवंबर में हवा ज्यादा जहरीली हुई





फाइल फोटो

### दिसंबर में हवा और जहरीली होने की आशंका

वर्तमान स्थिति को देखते हुए जानकार आगामी दिनों में ठंड बढ़ने के बाद एक्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इसकी वजह ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम हो जाता है। इसके कारण प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ता है।

### पीएम 2.5 का स्तर पहली बार पांच सौ पहुंचा

रायपुर में पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर दो से तीन सौ के बीच रहा है। इस बार मौसम अनूकुल रहने के बाद भी पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर एक नवंबर तथा दो नवंबर को पांच सौ से 448 तथा 412 पर पहुंचा है। पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर बढ़ने की वजह पर्यावरण प्रदूषण मंडल के अफसर भी नहीं बता पा रहे हैं।

### एक्यूआई का स्तर डेढ़ गुना ज्यादा

एयर क्वालिटी इंडेक्स की स्थित पिछले वर्ष से ज्यादा भयावह है। एक्यूआई का लेवल पिछले वर्ष जहां एक से 10 नवंबर के बीच 53 से 141 के बीच रहा इस बार एक्यूआई का स्तर 86 से 172 के बीच रहा। इस वर्ष ठंड कम पड़ने का साथ पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा हवा चल रही है। इस स्थिति में यह हाल है। ठंड पड़ने और हवा का दबाव कम होने की स्थिति में एक्यूआई का स्तर और खराब हो सकता था।

### स्तर सुधारने उपाय नहीं

पर्यावरण प्रदूषण मंडल का काम प्रदूषण का स्तर नापने के साथ हवा की स्थिति खराब होने पर सुधार करने के उपाय करने का है, लेकिन राज्य में पर्यावरण प्रदूषण मंडल सफेद हाथी साबित हो रहा है। पर्यावरण प्रेमी तथा जानकारों के मुताबिक पर्यावरण प्रदूषण मंडल ने एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर सुधारने किसी तरह से कोई उपाय नहीं कर रहा है, जिसके कारण रायपुर में एक्यूआई का स्तर हर साल बिगड़ता जा रहा है।

# जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ देशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले स्थान पर है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ राज्य में जल संचय, जनभागीदारी पहल के तहत जल संचय के एक लाख 53 हजार 533 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 10 हजार 872 कार्य प्रगतिरत हैं। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देश के पहले 10 जिलों में छत्तीसगढ़ के 8 जिलों ने अपना स्थान बनाया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल संसाधन विभाग को दी बधाई

छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी से जल संचय के कार्यों में राज्य में पहले स्थान पर रायपुर जिला है, जहां 35 हजार 758 जल संचय के कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 5064 कार्य प्रगतिरत हैं। दूसरे स्थान पर बिलासपुर है, जहां 16389 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 1643 कार्य प्रगति पर हैं। तीसरे स्थान पर रायगढ़ जिला है, जहां 16629 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 662 कार्य प्रगति पर हैं। चौथे स्थान पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है, जहां 16,730 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 300 कार्य प्रगति पर हैं। पांचवे स्थान बलरामपुर-रामानुजगंज जिला है, जहां 8618 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 586 कार्य प्रगति पर हैं। छठवें स्थान पर गरियाबंद जिला है, जहां 6899 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 634 कार्य प्रगति पर हैं। सातवें स्थान पर दुर्ग जिला है, जहां 4915 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 609 कार्य प्रगति पर हैं। दसवें स्थान पर धमतरी जिला है, जहां 3706 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 107 कार्य प्रगति पर हैं।

### पीएम मोदी के संकल्प का प्रतिबिंब है यह योजना

गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतिबिंब है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर जोर देती है और सामूहिक पहल एवं एकजुटता से जलसंरक्षण की संकल्पना को साकार करती है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य अन्य गतिविधियों के अलावा कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं, बोरवेल पुनर्भरण शाफ्ट के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ाने में मदद मिलेगी।


**6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया**

# हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास में जुटा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/धमतरी

पोटाश बम से हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास को सफलता नहीं मिल पाई है। वन विभाग ड्रोन कैमरे से हाथी की निगरानी में जुटा है। बताया जा रहा है कि घायल हाथी का स्वास्थ्य ठीक है। वह हाथी दल के साथ विचरण कर रहा है।उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी परिक्षेत्र के सातलोर बीट में 38 से 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा था। यहां खून बिखरे होने की सूचना रिसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी को मिली। पतासाजी करने पर वन विभाग को पोटाश बम का टुकड़ा मिला। 8 नवंबर को पोचिंग टीम ने मौका मुआयना किया। 6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया गया। 10 नवंबर को ड्रोन और स्टाफ की मदद से 5-6 साल के हाथी के जबड़े और पैर में सूजन का पता लगा। इस मामले में पोटाश बम रखने वाले व्यक्ति की सूचना देने वाले को 10 हजार के इनाम की घोषणा वन विभाग ने की है।







**घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा**

मंगलवार को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा है। ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। बच्चा हाथी को महुआ का लड्डू बनाकर एंटी बायोटिक दवा खिलाने के लिए हाथी विचरण क्षेत्र में रखा गया है। हाथी का बच्चा महुआ लड्डू से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। अभी तक हाथी ने एंटीबायोटिक दवा नहीं खाया है।

# बाघ की मौत पर सीएम साय सख्त वनरक्षक और वनपाल निलंबित

## कोरिया जिले में मिला था बाघ का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरिया जिले में बाघ की मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से वनों की रक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए मुस्तैदी से कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी लापरवाही पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल के वनरक्षक पीतांबर लाल राजवाड़े और वनपाल रामप्रताप सिंह को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासनीता के कारण सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक माथेश्वरन वी. ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री राजवाड़े एवं वनरक्षक को नियमानुसार

- जहरखुरानी से मौत होने की संभावना जता रहे वन अफसर



गोमर्डा के बाद बैकुंठपुर वनमंडल में बाघ के शिकार के बाद उठ रहे सवाल

राज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह सालभर में दो की मौत, मॉनिटरिंग फेल

जीवन निवाह भत्ता की पात्रता होगी। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर के अनुसार वनरक्षक बीट प्रभारी गरनई पिताम्बर लाल राजवाड़े और वनपाल वन परिक्षेत्र रामगढ़ रामप्रताप सिंह के द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरते जाने के कारण निलंबित किया गया है।

वनपाल श्री सिंह और वनरक्षक श्री राजवाड़े का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन/कदाचरण पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय बैकुंठपुर वनमण्डल कोरिया निर्धारित किया गया है।

### वन क्षेत्रपाल से मांगा स्पष्टीकरण

परिक्षेत्राधिकारी सोनहत के वन क्षेत्रपाल विनय कुमार सिंह से क्षेत्र में टाइगर की मृत्यु के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर ने बताया कि सोनहत के बीट गरनई कक्ष क्रमांक पी-196 वनभूमि कुदरी में खनखोपड़ नाला के किनारे एक टाइगर मृत होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर वनमण्डलाधिकारी और संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर के साथ मौके पर पहुंचीं। एक नर टाइगर खनखोपड़ नाले के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। उक्त टीम के अभिमत अनुसार बाघ की मृत्यु का कारण जहरखुरानी संभावित है। इस संबंध में वन क्षेत्रपाल से स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर मांगा गया है।

## पांच स्थानों पर पॉवर कंपनी ने बनाई है 77 सौ मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना

# मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पानी से बनेगी 35 सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। खपत 65 सौ मेगावाट तक जा चुकी है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा होना तय है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। 2030 तक अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से 14 हजार मेगावाट का उत्पादन करने का लक्ष्य है। इसमें से 77 सौ मेगावाट बिजली पानी से बनेगी। पानी से बिजली बनाने की दो योजनाएं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में प्रारंभ करने की पूरी तैयारी पॉवर कंपनी ने की है। पानी से 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने के लिए केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनी टिहरी डेवलपमेंट कारपोरेशन से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी जल्द ही एमओयू करने वाली है। इसके लिए पॉवर कंपनी के बोर्ड से मंजूरी का इंतजार है। यह कंपनी जशपुर के रौनी में 21 सौ मेगावाट और जशपुर के दनगरी में 14 सौ मेगावाट बिजली बनाने का काम करेगी। योजना के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने टर्म ऑफ रेफरेंस जारी कर दिया है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं।



### बोर्ड से मंजूरी के बाद होगा एमओयू

जशपुर की योजना के लिए बोर्ड से मंजूरी के बाद इसका एमओयू होगा, फिर काम प्रारंभ होगा।

- **एसके कटियार**, एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब 9 साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से कहां कितनी बिजली बनेगी

रौनी जशपुर 2100
दनगरी जशपुर 1400
हंसदेव बांगो कोरबा 1200
सिकासेर गरियाबंद 1200
कोटपाली बलरामपुर 1800

# टिनामेंट अपार्टमेंट में बनेंगे फ्लैट प्रभावितों को व्यवस्थापन के तहत एलाटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की टिकरापारा योजना में निर्मित 50 साल पुराने टिनामेंट अपार्टमेंट वाली जगह पर प्रस्तावित 7 मंजिला आवासीय परिसर में प्रभावित मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत उसी परिसर में नियम अनुसार फ्लैट का एलाटमेंट प्राथमिकता से किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, सालों से टिनामेंट अपार्टमेंट में रह रहे मूल ओनर से उस जमीन का पैसा न लेकर उनसे कंस्ट्रक्शन कास्ट का पैसा लिया जाएगा। बाकी के बचे फ्लैट को सेलआउट करने की योजना है।

टिकरापारा क्षेत्र में स्थित पांच दशक पुराना जर्जर टिनामेंट अपार्टमेंट को जनहित में तोड़कर रायपुर विकास प्राधिकरण 7 मंजिला परिसर बनाएगा। जिसमें 2 बीएचके के 112 और 1 बीएचके के 56 फ्लैट का निर्माण किया जाएगा। परिसर में रहने वाले प्रभावितों से सहमति पत्र लेकर जर्जर निर्माण को तोड़ा जाएगा। वहां रहे वैध ओनर को नए अपार्टमेंट में व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी।

### मूल ओनर से जमीन का पैसा नहीं लेंगे

टिनामेंट अपार्टमेंट में रहने वाले मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी। उनसे जमीन का पैसा नहीं लेंगे, कंस्ट्रक्शन कास्ट ही नियम अनुसार लिया जाएगा।

- **अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण

## खबर संक्षेप

### स्वाति और गीता ने जीती रंगोली व निबंध स्पर्धा




**फिंगेश्वर।** जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को रेखांकित करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में प्रथम स्थान पर स्वाति साहू नवमी एवं निबंध प्रतियोगिता में गीता साहू 12वीं प्रथम स्थान पर रहीं।
इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि भारत का जनजातीय समाज अपनी आध्यात्मिक परंपराओं, विशिष्ट संस्कृति और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के साथ सदैव से भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। जनजातीय अपनी संस्कति के जरिए भारतीय संस्कृति को एक विशिष्ट रूप देते हैं। जनजातीय संस्कृति की विविधता ने भारतीय संस्कृति को भी विविधता पूर्ण बनाया है।जनजातीय संस्कृति प्रकृति से प्रेम करने वाली संस्कृति है। यह संस्कृति सौहार्द, शांति और सद्भाव की संस्कृति है। इस अवसर प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू,तोमन राम साहू व छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

## निधन

### सालिकराम नागेश



**मैनपुर।** ग्राम जिड़ार निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सालिकराम नागेश उम्र 86 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। ज्ञात हो कि सालिकराम नागेश क्षेत्र के जाने माने शिक्षक थे।

### प्रेमसिंह मांझी

**मैनपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गोलामाल के सचिव प्रेमसिंह माझी का 12 नवंबर को निधन हो गया। वह गोहरापदर के निवासी थे। उनके निधन पर पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष प्रेम लाल ध्रुव, नागेश, भूवेंद्र यदु, संतोष गुप्ता, कैलाश ठाकुर ,सलाम खान, नीलाम्बर यादव आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



# गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मना



**नवापारा-राजिम।** श्री गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम श्री हनुमानजी महाराज का सिंदूर से चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। भगवान श्री सत्यनारायण की कथा हुई। पंडित संतोष शर्मा ने मंत्रोच्चारण किया। पूजा में भूपेंद्र-सुनीता बैठे। यादव समाज द्वारा गायों का पूजन कर बाजे-गाजे के बीच सोहाई बांधी और खिचड़ी खिलाई गई। इस अवसर पर गोपाल गौशाला के संरक्षक मनमोहन अग्रवाल, चंदू कंसारी, नंन्दकिशोर राठी, सुन्दर सिंग ठाकुर सहित दर्जनों गौ सेवक मौजूद थे।

# कोटवार संघ के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक



**सुरसाबांधा।** कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तहसील शाखा राजिम फिंगेश्वर का संयुक्त दीपावली मिलन समारोह बुधवार को पुजेरिन दाई मंदिर प्रांगण किरवई में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि तथा अध्यक्षता चन्द्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य ने किया । वहीं विशिष्ट अतिथि कमल सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल राजिम, महेश कुमार यादव नोटरी व अधिवक्ता, यथार्थ शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत किरवई, धनेश जगत जिलाध्यक्ष कोटवार संघ गरियाबंद, मोती साहू शाला विकास समिति एवं अध्यक्ष ग्राम विकास समिति किरवई, रेखा साहू पूर्व सरपंच किरवई उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने कोटवारों के लिये राजिम में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। सभी वर्ग को नशा पान से दूर रहकर स्वच्छ व स्वस्थ राज्य निर्माण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन गोकुल नगारची ने किया। इस अवसर पर कोटवार संघ से धनेश जगत जिलाध्यक्ष, मणी जगत तहसील अध्यक्ष छुरा, तुलाराम सोरी तहसील अध्यक्ष गरियाबंद, ओमप्रकाश जगत जिला मीडिया प्रभारी, हुलास राम साहू अध्यक्ष कोटवार संघ राजिम, कोमल राम सचिव, अनिल टांडिया जिला उपाध्यक्ष जिला गरियाबंद, उत्तम कुमार बंजारे संरक्षक एवं सलाहकार, गोकुल नगारची संरक्षक एवं सलाहकार, सुनील नगारची कोषाध्यक्ष, लक्ष्मीबाई देवदास अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, शशीकला महेश्वरी, उर्वशीबाई मानिकपुरी उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य राजेश वर्मा, जगतारण मानिकपुरी, रमेश कुमार टंडन, राजेंद्र नगारची सहित भारी संख्या में कोटवार उपस्थित थे।

# जिपं सदस्य रानी पटेल ने उप चुनाव में निभाई अहम जिम्मेदारी



नवापारा-राजिम। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा के जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल को अहम जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दी गई थी। वें मतदान के होते तक दिए गए प्रभार क्षेत्र पुरानीबस्ती, महामाईपारा , गोपियापारा, खोखोपारा में न केवल एक-एक घरों में जाकर प्रचार अभियान चलाया, बल्कि मतदान के दिन घरों से मतदाताओं को निकाल-निकालकर मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में मदद की। उनके साथ महिलाओं की टीम में सतरूपा पटेल, इंदू पटेल, भूमिका पटेल, चंद्रप्रभा पटेल, सरिता पटेल, गीता पटेल, निलेश पटेल, सविता पटेल, जिला पंचायत प्रतिनिधि केजूराम पटेल, बीजेपी कार्यकर्ता नीलकंठ निर्मलकर, बेनीराम पटेल भी थे। इन्होने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करते नजर आए।

# बाबा कुटी आश्रम में अगहन मेले 13 दिसम्बर से



**फिंगेश्वर।** मांडव्य ऋषि आश्रम बाबा कुटी में बुधवार को महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण महाराज एवं युग पुरोहित परमानंद यादव, चैतरा पंचायत के सरपंच संजय कंडरा, साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी के गोवर्धन साहू, चमन साहू, सचिव क्लेश राम, हरि, रमेश कोदन साहू, देवलाल की उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें इस वर्ष भी अघहन पूर्णिमा को मेले में त्रिदिवसीय मानस यज्ञ एवं रामायण सम्मेलन रखने का निर्णय लिया गया। जिसमे सर्व सम्मति से 13 14, 15 दिसंबर को कार्यक्रम होना तय हुआ है।13 दिसंबर को कार्यक्रम कलश यात्रा निकालकर प्रारंभ किया जावेगा। 14 और 15 दिसंबर को प्रातः मानस यज्ञ सपंन्न होगा, जिसमें गांव–गांव से यजमान दांपत्य के रूप में उपस्थित रहेंगे और बाहर से रामायण मंडलियों द्वारा रामायण पाठ एवं प्रवचन होगा। भोजन भंडारा प्रसादी कार्यक्रम को अच्छे से अच्छे बनाने के लिए अधिक से अधिक सहयोग देने का सभी लोगों ने संकल्प लिया। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी जागेश्वर साहू ने दी है।

■ बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे

# धान खरीदी आज से, तैयारियों का तहसीलदार ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



राज्य सरकार द्वारा 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ की जाएगी। क्षेत्र में धान खरीदी को लेकर व्यापक तैयारी किया जा रहा है। तहसीलदार गैंदलाल साहू ने बुधवार को क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता, किसानों के बैठने के लिए छांव और पानी बिजली के साथ चारों तरफ तार घेरा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## धान की खरीदी 3217 रुपए प्रति क्विंटल हो, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया किस्त मिले




**छुईहा।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी पंद्रह दिन देरी के साथ 14 नवम्बर से शुरू हो रही है। केंद्र द्वारा धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य में 117 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ोत्तरी को किसानों के देने भाजपा सरकार की नियत में खोट दिखाई दे रही है। भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव तेजराम विद्रोही एंव कांग्रेस किसान नेता डोंगर मरकाम ने कुण्डेल में कहा कि भाजपा सरकार की नीति और नियत किसान हितैषी दिखाई नहीं दे रही है। वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी 14 नवम्बर से शुरू हो रही है। 15 नवम्बर को गुरुनानक जयंती है और फिर शनिवार- रविवार को छुट्टी के कारण नियमित रूप से 18 नवम्बर से खरीदी हो पाएगी। यह 31 जनवरी तक जारी रहेगी, इस बीच 15 दिन देरी हुई है जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में असुविधा होगी। दो व तीन टोकन में बेचने का दबाव भी रहेगा। किसानों के लिए टोकन की संख्या और खरीदी की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए। किसान कांग्रेस नेता डोंगर मरकाम ने कुण्डेल में कहा साथ ही धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य राज्य सरकार की 3100 रुपये और केन्द्र सरकार की बढ़ी हुई कीमत 117 रुपये जोड़कर 3217 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी हो, यह भी सुनिश्चित करना चाहिए। पिछली सरकार के कैबिनेट में पारित राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया एक क़स्ति को भी सरकार को किसानों को दिया जाना चाहिए।

# घर में आग लगने से नकदी व सामान जलकर हुआ राख



**मैनपुर।** नगर से 5 किमी दूर ग्राम जिड़ार में बीते रात एक गरीब महिला के मकान में अचानक आग लग जाने से चावल, दाल, कपड़ा और नकदी जलकर राख हो गया। आग लगने की जानकारी लगते ही बुधवार सुबह स्थानीय अधिकारियों ने पहुंच निरीक्षण किया। ग्राम जिड़ार निवासी दुलारिन बाई दुबे छोटे से मकान में निवास करती थी। दुलारिन बाई दुबे देवउठनी पर्व पर अपने घर मे पूजा अर्चना करने के बाद गांव मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए चली गई। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि उनके मकान में आग लग गई है। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन लपटें तेज होने के कारण घर के भीतर रखा चावल, दाल, कपड़ा नगदी पैसा, जेवर, बर्तन सब जल गया। गरीब महिला दुलारिन बाई दुबे ने बताया कल देवउठनी का पर्व था। पूजा अर्चना करने के बाद स्कूलपारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए चली गई थी। इस दौरान घर में आग लग गई, जिससे सब कुछ जलकर खाक हो गया। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

## पेज 9 के शेष

### जिले में समर्थन मूल्य ...

जिसमें एफआईआर दर्ज करना भी शामिल है। जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 28,000 गठान बारदानों की जरूरत होगी। सभी 90 केंद्रों पर 7 दिन की खरीदी के लिए बारदानों की आपूर्ति पहले ही कर दी गई है और शेष बारदानों की आपूर्ति खरीदी के दौरान होती रहेगी। खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु ने बताया कि किसानों के बोए गए धान की सत्यापन प्रक्रिया लगातार की जा रही है ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

### राजिम-अभनपुर मार्ग...

स्थित है, जहां दिन भर राहगीरों के अतिरिक्त प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राजिम-रायपुर महानगरी बस की लगभग 70 वाहनों का रोज आना-जाना लगा रहता है। जिससे राजिम से अभनपुर 17 किलोमीटर के सफ़र में 45 मिनिट लग जाते हैं एवं दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

### गौठान की जमीन...

कुमारू साहू, पार्वती निषाद, संतोष निषाद, ओमप्रकाश मिर्धा, हेमपुष्पा साहू, सीता दास, जीतराम साहू, नर्मला साहू, भगवती निषाद, बाबुलाल साहू, दिनेश्वरी साहू, गायत्री साहू, दामिनी साहू, टानेश्वर निषाद, अनिता ध्रुव, ओमप्रकाश दीवान, संतोषी बाई साहू, बिसाहिन नायक उपस्थित थे।

## राजिम मोड़ में कार की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** लभरा खुर्द स्थित राजिम मोड़ में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी डागेश्वर ध्रुव वार्ड नं 01 शंकर नगर महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 नवंबर की दोपहर करीब 1 सूचना मिली कि छोटे भाई सतीश कुमार का एक्सीडेंट राजिम मोड़ लभराखुर्द में हो गया है, जब घटनास्थल पर जाकर देखा तो उसका भाई एवं दोस्त यशवंत घायल हालत में वहां पड़े हुए थे पूछताछ में आसपास खड़े लोगों ने बताया कि आल्टो कार क्र सीजी 04 एलबी 8122 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीएस 1249 को एक्सीडेंट कर दिया।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# एकलव्य स्कूल में बनी पालक व शाला विकास समिति



**फिंगेश्वर।** एकलव्य पब्लिक स्कूल बोरसी में पालक–बालक–शिक्षक सम्मेलन हुआ। यह आयोजन शिक्षा में उन्मुखीकरण करने तथा पालकों को शाला से जोड़कर जनभागीदारी से शाला का बेहत्तर विकास के और छात्र–छात्राओं में संर्वागीण विकास को प्राप्त करने के लिए पालक–बालक–शिक्षक सम्मेलन के साथ ही विद्यालय और शिक्षण कार्य संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

पालक समिति का गठन सभी पालकों की सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष उषा मानिकपुरी, उपाध्यक्ष शशि कला चक्रधारी, सचिव किशन साहू (प्राचार्य), कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, सहसचिव सोहन पटेल, शिक्षाविद पूनम धुरव, जनप्रतिनिधि कमलेश्वरी साहू, संरक्षक रानू लाल पाटकर एवं सदस्यगण–रूपेश कुमार साहू, गिरीश कुमार साहू, गायत्री साहू, तामेश्वरी साहू, रोहित साहू, देहुति साहू, वंदना चक्रधारी, मलेशु साहू, महेंद्र साहू, गोविंद साहू, जितेंद्र साहू, दिव्यांश साहू, सेनकुमारी साहू, चमन यादव, डायमंड पाटकर हैं। सभी नए पदाधिकारी ने अपना पदभार ग्रहण किया एवं अपने–अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर शाला के संचालक हेमन्त भोसले एवं शिक्षकगण कोमल साहू(लेखा पाल), टीकमचंद सिन्हा(उप प्राचार्य), लुकेश सिन्हा, रेवती सिन्हा, सति अनुसुइया साहू, चमेली साहू, पुष्पा सेन, सोनिका साहू, एकता सिन्हा, वर्षा सिन्हा, देविका भोसले का विशेष सहयोग रहा।

## लोककला मंच पुरवईया के कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

# देवउठनी पर हरदीभाठा में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा में श्री रामसेना हिन्दू संगठन एवं समस्त ग्रामवासी हरदीभाठा द्वारा देवउठनी पर्व पर रात 9 बजे छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच भावनृत्य पुरवईया का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर, सरपंच दुलिया बाई ठाकुर, आचार्य नंदकिशोर चौबे, ग्राम समिति अध्यक्ष लालाराम पटेल, उपाध्यक्ष सुकराम निर्मलकर, राजकुमार सोनवानी, लोचन साहू, रूकमणी साहू, झांकर रमेश पटेल, राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष यीशु शर्मा, रामसाय निर्मलकर, प्रदीप शर्मा, जगदेव यादव एवं वरिष्ठजनों द्वारा पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर ने कहा ग्राम हरदीभाठा में युवा संगठन एवं श्रीरामसेना हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं की सक्रियता के चलते गांव में अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम के साथ समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसका गांव के लोगों को लाभ मिल रहा है। आज देवउठनी पर यहां जो लोककला मंच द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ी सांस्कृति का यह हिस्सा है। उन्होंने हरदीभाठा युवा संगठन के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम में हमेशा उनके द्वारा सहयोग किया जाता रहेगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोककला मंच भावनृत्य पुरवईया बालोद द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और हजारों लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रीरामसेना हिन्दूसंगठन के अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष मुरारी पटेल, नंदकिशोर पटेल, तिजेश्वर सोनवानी, सवितानंद साहू, कोमल साहू, पुष्पेन्द्र पटेल, मनोज निर्मलकर, रूपेश साहू, उमेन्द्र निर्मलकर, मुकुंद निर्मलकर, चन्द्रशेखर निर्मलकर, किर्ती पटेल, हेमेन्द्र पटेल, तोशण सोनवानी, गजानंद साहू, तिलेश्वर निर्मलकर, भागचंद निर्मलकर, गगन निर्मलकर, वरूण पटेल, मनोज पांडेय, दुलेन्द्र निर्मलकर, योगेश निषाद सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डोमार पटेल द्वारा किया गया।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर ● भिलाई ● बिलासपुर ● रायपुर ● जगदलपुर ● कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



# दीपावली-देवउठनी के बाद बाजार सूना : किसान-मजदूर धान कटाई में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

दिवाली के बाद से बाजार की रौनक खत्म सी हो गई है। थोड़ी बहुत रौनक देवउठनी पर्व के दौरान रही, वो भी अब देवउठनी के दूसरे दिन से गायब हो गई। मालूम हो कि इन दिनों पूरे इलाके में धान की फसल पककर खेतों में खड़ी है, लिहाजा सभी किसान और मजदूर धान की कटाई एवं मिंजाई में व्यस्त है। नवापारा और राजिम शहर का मार्केट आसपास के लगभग 100 गांवों पर निर्भर है। ग्रामीण किसान अब खेती किसानी के काम में व्यस्त हो गए हैं। बता दें कि दिवाली के बाद से कटाई-मिंजाई का काम चालू हो गया था, किन्तु शासन द्वारा सोसायटियों के माध्यम से धान खरीदने की तारीख 15 नवंबर से प्रारंभ है, इसलिए भी किसान जल्दी से फसल को काटकर मिंजकर सोसाइटी से टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक बेचने में व्यस्त हो जाएंगे। देवउठनी के दूसरे दिन अर्थात बुधवार को दोपहर में नवापारा के मुख्य बाजार सदर एवं गंज रोड में वीरानी छाई हुई नजर आई। शहर के व्यवसायी खाली बैठे हुए नजर आए। छत्तीसगढ़ ज्वेलरी शॉप एवं पंकज ज्वेलर्स के संचालक ने कहा कि अब सीधे नवापारा का मार्केट दिसंबर में उठेगा। क्योंकि किसान-मजदूर अपने कामो में लग गए है।

### व्यापारी दिनभर ग्राहकों का करते रहते हैं इंतजार





### ट्रैक्टर हार्वेस्टर के रेट में इजाफा

इस समय अंचल में हार्वेस्टर की मांग काफी बढ़ गई है। किसान अब परंपरिक तरीके से बेलन या दौरी से धान की मिंजाई न करके आधुनिक तरीके से हार्वेस्टर का सहारा लेकर करने लगे हैं। फलस्वरूप हार्वेस्टर के किराया में वृद्धि देखी जा रही है। हार्वेस्टर से फसलों की मिंजाई करने से किसानों को समय की बचत तो हो रही है। साथ ही साथ मजदूरों की समस्या से भी छुटकारा मिल गया है। इस वर्ष हार्वेस्टर का रेट अन्य वर्षों की तुलना में इजाफा हो गया है। ग्राम नवागांव के किसान अश्वनी साहू ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत रेट में वृद्धि हो गई है। नमी एवं अंदर वाले खेतों में तो 2500 रुपए प्रति एकड़ की दर से कटाई और मिंजाई हो रही है। ऐसे में किसान ज्यादा रेट देने को मजबूर भी है। खेती-किसानी का काम दिन ब दिन जटिल होते जा रहा है। कभी कीट प्रकोप तो कभी अतिवृष्टि तो कभी अल्पवृष्टि जैसे परेशानियों से भी जुझना पड़ता ही है। चार महिने के खेती-किसानी के काम में तरह-तरह के झंझावातों से किसान टूट जाता है।

## खबर संक्षेप

### बोईरगांव में 15 को कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा समीपस्थ ग्राम बोईरगांव (पंक्तियां) में 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्त्ता व भाजपा नेता रुपसिंग साहू शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राउत नाचा, ग्राम देवी देवता की पूजा अर्चना व भोजन प्रसादी का वितरण किया जाना है एवं रात्रि गतिविधि के तहत लोक लहर, मोहला (अम्बागढ़ चौकी) सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होनी है, जिसमें सम्मिलित हेतु क्षेत्र के नागरिकों को अधिक-से-अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को शांति पूर्ण सफल बनाने की अपील की है।

### धान खरीदी के प्रारंभ होने से किसानों में उत्साह







**रसेला।** भाजपा छुरा मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव ने प्रदेश में डबल इंजन सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का किसान मजदूर हितैषी होना ही भाजपा के विश्व में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था होने का प्रमाण है। क्योंकि इसी वर्ग के लोग भारत में सबसे ज्यादा रहते हैं। मंडल महामंत्री शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि 14 नवंबर से प्रदेश में समर्थन दर पर धान खरीदी की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा की जा रही है, जिससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है। किसान धान कटाई मिंजाई में युद्ध स्तर पर भिड़े हुए हैं। सोसाइटियों में धान खरीदी 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से होगी। नारायण ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह किसान हितैसी होते तो केंद्र और राज्य दोनों जगह विजय का परचम फहराते, लेकिन प्रदेश सहित देश की जनता उनके छल कपट को अच्छी तरह जानती समझती है, तभी तो उनके बहकावे में नहीं आती है। जो उनके बहकावे में आ जाते हैं उन्हें अपने विवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है कि वह किसका साथ दे। भाजपा द्वारा अपने वादा को पूरा करते हुए एक मुफ्त राशि अन्नदाता किसानों को खाता में 14 नवंबर से धान खरीदी की राशि डाली जाएगी।

## अव्यवस्था : आज से शुरू होगी धान खरीदी, किसान होंगे परेशान

# छुरा विकासखंड के 17 केंद्रों में से 13 में नहीं लगा सीसीटीवी कैमरा


हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

शासन द्वारा 14 नवंबर से आदिम जाति सेवा समिति के माध्यम से धान खरीदी प्रारंभ की जा रही है। विकासखंड के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक खंडमा के अंतर्गत 6 समिति में 8 उपार्जन केंद्र है, वहीं जिला सहकारी बैंक छुरा के अंतर्गत 8 समिति में 9 उपार्जन केंद्र है, जहां पर कुल 17 उपार्जन केंद्र है। इसमें से खड़मा के अंतर्गत अकलवारा और सोरिद में कैमरा लगा है और छुरा बैंक के अंतर्गत छुरा और पाठ सिवनी में कैमरा लगा है, बाकि समितियो में अभी तक कैमरा नहीं लगाया गया है। इसी तरह धान खरीदी केंद्र परसदा में पानी की समस्या है। किसानों के लिए बाहर से पानी लाकर पिलाना पड़ेगा। आदिम जाति सेवा समिति के खड़मा के 11 कर्मचारियों को 10 महीने से वेतन नहीं मिला है। वहीं आदिम जाति सेवा समाज समिति रानी परतेवा के 8 कर्मचारियों को 8 महीने से वेतन नहीं मिला है। अब इसके अंदाज लगाया जा सकता है कि कर्मचारी किस मानसिकता से काम कर रहे हैं। खड़मा के समिति प्रभारी तिलक पटेल ने बताया कि शासन द्वारा ब्याज अनुदान, कमीशन की राशि नहीं दिए जाने से कर्मचारियों का वेतन नहीं निकला है। यह राशि आने पर कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा। धान खरीदी केंद्र पीपरछेड़ी में कोई भी पक्का मकान नहीं है और यहां टी नसेट और कच्चे मकान में धान खरीदी किया जा रही है, खड़मा समिति के अंतर्गत 1310 किसान पंजीकृत है, वहीं रानी परतेवा समिति के अंतर्गत 784 किसान पंजीकृत है। 14 नवंबर के धान खरीदी के लिए 14 किसानों ने टोकन कटवाया है, धान खरीदी केंद्र इस बार किसानों की संख्या बड़ी है। इसमें वन अधिकार से लिए हुए पट्टा का भी पंजीयन धान बिक्री के लिए किया गया है। शासन द्वारा लगातार धान खरीदी केंद्र में सभी तैयारी की जानकारी दी जा रही है, किंतु धान खरीदी केंद्रों पर पहुंचने पर पता चलता है कि अभी तक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित नहीं हुई है।

- कहीं पानी की समस्या है, कहीं 10 महीने से कर्मचारियों को नहीं मिला है वेतन








### खरीदी के लिए किया गया पंजीयन

मेहता तहसीलदार ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में विशेष कर वन अधिकार पट्टा का पंजीयन किया गया है, पटवारी द्वारा निरीक्षण कर किया गया है। अगर कहीं शिकायत हो तो कार्रवाई करेंगे।

### एक-दो दिन में लग जाएंगे कैमरा

पन्नालाल साहू प्रबंधक जिला सहकारी बैंक खंडमा ने कहा कि खड़मा के अंतर्गत 6 समिति में 8 उपार्जन केंद्र है, जहां पर अकलवारा व सोरिद में कैमरा लगा हुआ है, बाकी पर एक-दो दिन में कैमरा लग जाएगा। सोम प्रबंधक जिला सहकारी बैंक छुरा ने कहा कि 8 समिति 9 उपार्जन केंद्र है जहां पर छुरा और पाठ सिवनी में कैमरा लगा हुआ है एवं शेष पर काम चल रहा है। परसदा में पानी की समस्या है जिसे निराकरण किया जाएगा।

## गन्ने के मंडप बनाकर माता तुलसी का भगवान शालिग्राम से विवाह





**रसेला।** रसेला सहित क्षेत्र में मंगलवार को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर हर घरों में सुबह से घर के आंगन और गली को महिलाओं ने गोबर से लीपकर पोताई की। सभी घरों में तुलसी चौरा के पास रंगोली बनाकर और गन्ने की मंडप सजाया गया। तत्पश्चात माता तुलसी और भगवान शालिग्राम जो विष्णु अवतार माने जाते हैं जिसके साथ विधिवत पूजा अर्चना कर रस्म अदायगी कर विवाह की गई। इस विवाह को देवताओं के आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। पूजा के बाद तुलसी माता को चुनरी ओढ़ाई गई और सोलह श्रृंगार भी भी चढ़ाई गई। उसके बाद तुलसी चौरा को 7 बार उठों - उठों देवनारायण कहकर 7 बार परिक्रमा कर गन्ने को काटा गया। इस दिन से भगवान विष्णु योग निद्रा से जगाया गया। इस बार 116 दिनों बाद 12 नवंबर को भगवान विष्णु जागे हैं। देवशयनी एकादशी 17 जुलाई बुधवार के दिन से क्षीरसागर में शयन करने चले गए थे।

### भैरा में छोटी दिवाली मनाई गई



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम भैरा में यदु परिवार ने गन्ना का मण्डप सजाकर तुलसी विवाह किया। देव उठनी एकादशी पर्व पर भगवान शालीग्राम के साथ वृदावती तुलसी का विवाह धूमधाम के साथ मण्डप साथ पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ छोटी दिवाली मनाई गई। इस अवसर पर भुगेशयज्ञश्रेणी, टिकेश प्रीति, मनोज गोमती, रितेश, गुलाब, मोनिका, धीरज पंकज, अदिति, निधि पूरा यह परिवार सहभागी बना।

## देवउठनी पर यादव समाज ने मनाया महोत्सव

### दीपावली मिलन समारोह में दिया सामाजिक एकता पर जोर




**मैनपुर।** सर्व यादव समाज एवं गोवर्धन उत्सव समिति मैनपुर के तत्वावधान में इस वर्ष भी देवउठनी त्यौहार पर मंगलवार को यादव समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं देवउठनी महोत्सव हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, अध्यक्षता आशाराम यादव, सभापति रामेश्वर यादव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी नेताम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मैनपुर जनपद सदस्य मनोज मिश्रा, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, मैनपुर सरपंच बलदेव राज ठाकुर,महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रियंका कपिल शामिल रहे। सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ तथा परम्परागत राउत दोहा के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों के बीच वर्तमान परिवेश पर चर्चा की। समाज के लोगों ने इस बात पर सहमति जताई कि वर्तमान परिस्थितियों में एक दूसरे की मदद से आगे बढ़ा जा सकता है। हमें एक दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने इस अवसर पर कहा कि समाज का व्यक्ति किसी भी विचारधारा से जुड़ा हो, लेकिन सामाजिक मंच पर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्नति में एक दूसरे की मदद के साथ कुरीतियों का उन्मूलन करने में पीछे नहीं रहना चाहिए। समाज के बच्चों को नशामुक्त जीवन व शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिए साथ ही मेघावी बच्चों को मदद के लिए समाज को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। बालिकाओं की पढ़ाई पर भी जोर देना चाहिए तभी हमारा समाज शिक्षित होकर आगे बढ़ सकता है। जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने दीपावली और देवउठनी एकादशी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए महिलाओं युवाओं की सक्रिय भागीदारी, सहभागिता तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने एकजुट होकर तीज त्योहार को मनाने की परंपरा जीवित रखने की बात कही और सभी युवाओं से समाज के विकास में क्रमशः सकारात्मक कदम बढ़ाकर उत्तरोत्तर उन्नति की बात रखी। साथ ही दीपावली पर्व को यादवों का सबसे बड़ा पर्व बताया। इस अवसर पर थानुराम पटेल,गुंजेश कपिल, तुलसी राठौर, हरिश्वर पटेल, सदाराम यादव,दयाराम यादव, राजकुमार यादव, घनश्याम यादव, गजेंद्र यादव, जनक राम यादव, चेतन यादव,भुवन यादव, योगेंद्र यादव, फरसू राम यादव, नभ कुमार यादव, अयनु यादव,हरीश यादव,मुन्ना यादव, राजकुमार सोनवानी, सुंदर लाल कश्यप, रमसाय निर्मलकर, वीरेंद्र कुमार सहित क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।उनके मार्ग दर्शन में उचित कार्यवाही किया जायेगा।

## गोधूलि बेला में हुआ तुलसी विवाह, घर-घर प्रज्ज्वलित हुए दीप

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल के ग्राम कोरासी, खड़मा, मड़ेली, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, रानीपरतेवा, करकरा, कुरेकेरा, बोईरगांव, बम्हनी, देवसरा, द्वारतरा, करचाली, मुड़ागांव, गिधनी, खैरझिटी, ओनवा, लोहझर, पंडरीपानी, रवेली, जरगांव, मडेली में देवउठनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। चतुर मास में भगवान विष्णु शयन करते हैं और देवउठनी एकादशी के दिन जागरण होता है और मांगलिक का कार्य शुरुआत होती है। इस अवसर पर गांव-गांव में तुलसी पूजा की गई। महिलाओं ने एकादशी का व्रत रखकर यह पर्व तुलसी विवाह के नाम से भी प्रसिद्ध है। हिंदू धर्म में इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस दिन व्रत रखने से जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि देवउठनी एकादशी का व्रत करने से जन्म-जन्मांतरण के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। फूल, मिठाई, सुखेमेवे, पंचामृत से भगवान विष्णु माता तुलसी की पूजा अर्चना की तथा मंडप का परिक्रमा किया। पूरे घर में दीप प्रज्ज्वलित कर छोटी दीपावली का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रमुख रुप से पुनितराम ठाकुर, रोमनाथ ठाकुर, देवकी ठाकुर, भावना ठाकुर उपस्थित थे।



गोधूलि बेला में तुलसी के गमले को गन्ने के मंडप में सजाकर भगवान विष्णु शालिग्राम को विराजित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संजय बने प्रांताध्यक्ष

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों के चुनाव में संजय ठाकुर प्रांताध्यक्ष बने। यह जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने बताया कि घुचापाली के मां चंडी मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा के संजय ठाकुर ने जयंती दुबे को भारी मतों से परास्त कर अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुआ। इसी प्रकार प्रांत उपाध्यक्ष रायपुर संभाग के महासमुंद के टेकराम सेन, बिलासपुर संभाग के अशोक गुप्ता, सरगुजा संभाग के सतीश तिवारी प्रांत उपाध्यक्ष घोषित किए गए। प्रांतीय मंत्री के पद पर भुवनेश्वर देवांगन, शैलेंद्र सिंह भदोरिया तथा टीकम साहू निर्वाचित हुए। इन सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुधीर गौतम ने निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपते हुए कहा कि आप सब लोग संघ के हित में कार्य करते हुए संगठन को और मजबूत बनाएं। सभी निर्वाचित पदाधिकारी को पूर्व प्रांत अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी ,हरि शर्मा ,यशवंत वर्मा ,संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा,सुनील नायक ,अवध वर्मा, किशोर कुमार रथ ,नीलकंठ सरदार वीर रघु ,अरुण प्रधान ,ओंकार वर्मा, मोहित वर्मा ने बधाई दी है।






## सिंधी, सिक्ख समाज ने निकाली सुबह प्रभातफेरी, लंगर भी हुआ



**छुरा।** नगर के सिन्धी समाज, सिख समाज द्वारा 13 नवम्बर को प्रभात फेरी निकली गई और गुरु नानक देव का जय घोष करते हुए भजन कीर्तन किया गया।

15 नवंबर को गुरु नानक जयंती नगर के गुरुद्वारा में प्रतिवर्ष मनाई जाती है। इस वर्ष भी मनाया जा रही है। प्रातः गुरुद्वारा में गुरुवाणी कीर्तन दोपहर 1 से महा भंडारा लंगर का भी आयोजन किया जाता है। प्रमुख रूप से प्रभात फेरी आशा देवी सीतलानी, राधा सचदेव, रीना सचदेव, पूनम सचदेव ,एकता सीतलानी, कंचन नागदेव ,राजकुमारी सचदेव, सीमा ,जिया ,नीलम सीतलानी, सोनू सितलानी ,कांति गुरुदत्ता, जया सचदेव ,सतविंदर कौर, कंमलप्रीत कौर ,नवजोत कौर, सफर सचदेव, अशोक माधवानी, सुरेश मोरयानी, पप्पू मोरियानी, संजय, रजत, आयोजन के संबंध में बंटी भाटिया ने जानकारी दी ।







